## ब्रशलेस डीसी इलेक्ट्रिक मोटर्स टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित दुनिया की पहली

# सिम्फनी ने नई एयर कूलर रेंज बाजार में उतारी

एजेंसी

**अहमदाबाद.** सिम्फनी लिमिटेड ने ब्रशलेस डीसी इलेक्ट्रिक मोटर्स टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित दुनिया की सबसे पहली एयर कूलर रेंज लांच की। कंपनी ने रेंज में 80 लीटर, 55 लीटर और 30 लीटर क्षमता के 3 मॉडल लांच किए हैं। अत्यधिक ऊर्जा कुशल होने के अलावा, इसमें अतिरिक्त सुविधाओं जैसे 7-गति विकल्प, 8 घंटे तक की नाइट स्लीप मोड, टचस्क्रीन कंट्रोल पैनल आदि भी हैं। सिम्फनी कूलर्स को इस तरह



से बनाए गए है जो प्रति वर्ष 18 पेड़ लगाने के बराबर कार्बन फुटप्रिंट को कम करते है और एयर कंडीशनर की तुलना में केवल 10% ऊर्जा की खपत करते है। सिम्फनी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अचल बकेरी ने कहा कि सिम्फनी की उखक्ए उत्पाद श्रृंखला भारत में निर्मित है और कंपनी ने देश के भीतर आपूर्ति के लिए संपूर्ण इकोसिस्टम को विकसित किया है। ब्रशलेस डीसी इलेक्ट्रिक मोटर्स में स्थायी चुंबक होते हैं जिसके परिणामस्वरूप कम हीट लोस होता है, जिससे मोटर ऊर्जा कुशल होती है और बिजली की खपत कम हो जाती है। विजय सेल्स के सीएमडी नीलेश गुप्ता ने कहा कि प्रौद्योगिकी, आधुनिकीकरण और उपभोक्ता-प्रथम दृष्टिकोण के लिए जाना जाने वाला, सिम्फनी एयर कूलर, एयर कूलर के ग्राहकों के लिए पहली पसंद बना हुआ है। सिम्फनी कई इनोवेटिव और इंडस्ट्री फर्स्ट प्रोडक्ट्स के लांच के जरिए एयर कूलर्स में ग्लोबल लीडर के रूप में उभरी है और BLDC रेंज ब्रांड की ओर से एक और नया इनोवेशन होगा। हम 15 से अधिक वर्षों से सिम्फनी ब्रांड के साथ गर्व से जुड़े हुए हैं।